आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 18.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- राज्य सरकार की ओर से कल रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव का आयोजन। गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। कहा— इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी, रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में बन रहे एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने भगवान शिव के दर्शन किए, भक्ति में डूबे श्रद्धालु।

**<u>उत्तराखंड निवे□ा उत्सव</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम, रुद्रपुर में उत्तराखंड निवेश उत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। कल होने वाले इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के साथ किए गए निवेश करारों में से एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग पूरा होने के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में उत्तराखंड में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान सरकार ने तमाम उद्योग समूहों और व्यापार संघों से सुझाव लेकर 25 से अधिक नई नीतियां बनाईं। साथ ही कई नियमों को शिथिल भी किया गया, जिसके चलते देश के बड़े—बड़े निवेशकों ने उत्तराखंड में निवेश के लिए करार किए।
गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान कुल 3 लाख 57 हजार 693 करोड़ रुपए के एक हजार 779 एमओयू साइन किए गए थे। उत्तराखंड निवेश उत्सव के जरिए राज्य सरकार, उत्तराखंड में निवेश के माहौल को प्रोत्साहित करना चाहती है, ताकि अधिक से अधिक निवेशक उत्तराखंड का रुख करें। इससे राज्य में आर्थिक गतिविधि तेज होने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

**<u>खेल मंत्री निरीक्षण</u>**

अगले महीने हल्द्वानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मिलने जा रहा है। स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज हल्द्वानी के गौलापार स्थित मानसखंड खेल परिसर में बन रहे एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में सभी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की बनाई जा रही हैं और निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हॉकी स्टेडियम बन जाने के बाद क्षेत्रीय खिलाड़ी यहां नियमित रूप से अभ्यास और प्रशिक्षण ले सकेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही खेल भूमि बनाने की दिशा में यह स्टेडियम एक नया आयाम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश के सभी शहरों और कस्बों में खेल सुविधाएं लगातार बढ़ाई जा रही है, इससे निश्चित रूप से खेल जगत में प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

## पावरलिफ्टिंग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में वेटलिफ्टर मुकेश पाल ने मुलाकात की। उन्होंने अमेरिका के बर्मिंघम, अलाबामा में गत 27 जून से 07 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए रजत और कांस्य पदक जीता। श्री पाल सीआईडी, हल्द्वानी में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी।

## जल जीवन मि�ान

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित जुड़े विभिन्न प्रकरणों को लेकर आज जिला मुख्यालय में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत पेयजल योजनाओं के लिए आवश्यक वन भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण के सभी लंबित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने और पेयजल योजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने पर भी बल दिया, ताकि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही वन भूमि संबंधी बाधाएं दूर हों सकें।

## कैलाश मानसरोवर

कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने भगवान शिव के दर्शन किए। इस दल में देश के 11 राज्यों के 49 श्रद्धालु शामिल हैं। 19 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर जब पहली बार श्रद्धालुओं ने कैलाश पर्वत की झलक देखी, तो सभी की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने बसों के जरिए मानसरोवर झील की 25 किलोमीटर की परिक्रमा पूरी की। इसके बाद झील के किनारे हवन यज्ञ कर दीप जलाए। श्रद्धालु राजेश ने बताया कि वे खुद को बहुत भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें भगवान शिव की पूजा–अर्चना करने का मौका मिला।

कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत दिल्ली से हुई थी, जो पिथौरागढ़, गूंजी और लिपुलेख होते हुए चीन के तकलाकोट तक पहुंची। दर्शन के बाद यात्री भारत लौट आएंगे।

## चुनाव चिह्न आवंटन

चम्पावत जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। दूसरे चरण में 28 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए जिले के बाराकोट और चम्पावत विकासखण्डों के 286 पंचायत प्रतिनिधियों के पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। आज इन उम्मीदवारों को ब्लॉक सभागार में चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। चम्पावत विकासखण्ड के रिटर्निंग ऑफिसर धनपत कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के लिए चम्पावत विकास खण्ड के 107 ग्राम प्रधानों, 37 क्षेत्र पंचायत सदस्यों और 18 ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए मतदान होना है, जिन्हें आज चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया।

## चुनाव प्रशिक्षण

प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण जारी है। बागेश्वर में आज दो पालियों में 850 मतदान कार्मिकों, तीन जोनल और 11 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कर्मिकों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.सी. तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने पर बल दिया।
उधर, रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण के अंतिम दिन आज 499 मतदान अधिकारियों के साथ ही 55 सेक्टर और 13 जोनल अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान जोनल और सेक्टर अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने का आह्वान किया गया।

## अवैध भाराब

बागेश्वर जिले में पंचायत चुनावों के मद्देनज़र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के तहत दो लोगों को दो लाख रुपये की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी अजय साह के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक कैलाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के आरे पुल के पास चेकिंग के दौरान एक कार से बीस पेटी शराब और दो पेटी बियर बरामद की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त बागेश्वर नगर के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बरामद की गई शराब की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है।
बागेश्वर पुलिस ने आमजन से नशे से दूर रहने और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## जल पुलिस

कांवड़ मेले में पुलिस–प्रशासन शिव भक्तों की सुरक्षा में दिन–रात लगा हुआ है। ऐसे में जल पुलिस भी पूरी मुस्तैदी के साथ गंगा में डूबने वालों को बचाने के कार्य में लगी हुई है। आज हरकी पैड़ी के समीप गंगा स्नान कर रहे तीन कांवड़िये अचानक डूबने लगे। इस दौरान ड्यूटी पर गश्त कर रही जल पुलिस की टीम ने तीनों को सकुशल बाहर निकाला। कांवड़ियों ने जल पुलिस की टीम का आभार व्यक्त किया।